# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Ninth Session)

Questions For Oral Answer

## Monday, the 24th August 2015 / 2nd Bhadrapada, 1937 (Saka)

----

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 39

----

### Government Polytechnic Banikhet

*2207 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the date of AA/ES and amount approved for construction of Government Polytechnic Banikhet;

(b) how much expendiure has been incurred, so far and when was the work started; and

(c) by when, the construction work will be completed ?

----

### राजस्व रिकार्ड

*2208 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि तहसील देहरा के टीका राहण, मौजा खैरियां (उप-तहसील हरिपुर) के गांव के राजस्व कागजात जैसे गांव का अक्स, मुसाबी, अक्स मोमी, लट्ठा आदि

उपलब्ध नहीं है जिससे यहां के निवासियों को राजस्व कार्य जैसे भूमि की निशानदेही/ डिमार्केशन आदि कार्य करवाने में कठिनाई आ रही है; और

(ख) इन राजस्व कार्यों की पूर्ति हेतु सरकार ने क्या वैकल्पिक प्रबन्ध किए हैं तथा इन कागजात को कब तक पुनः तैयार करवा दिया जाएगा ?

----

## दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

***2209 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जिला सिरमौर और सोलन में धारा-118 के उल्लंघन करने वाले दोषियों का ब्यौरा नाम, पते व भूमि के क्षेत्रफल सहित दें; और

(ख) सरकार ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की है; विवरण दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2210 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल शिलाई और संगड़ाह के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की कौन-कौन सी सड़कें हैं;

(ख) अभी तक कितनी सड़कों की DPR बन चुकी है; ब्यौरा दें ; और

(ग) कितनी सड़कों की DPR बननी शेष हैं; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें?

----

## निशानदेही के लम्बित मामले

***2211 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला मण्डी की तहसील सरकाघाट, बलद्वाड़ा और उप-तहसील भदरोता के अन्तर्गत जमीन निशानदेही के कितने मामले कब-कब से लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा तहसील व उप-तहसीलशः दें?

----

## हवाई अड्डों का विस्तारीकरण

***2212 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में स्थित गगल, भुंतर व जुब्बड़ हट्टी हवाई अड्डों के विस्तारीकरण की योजना केन्द्र सरकार को प्रेषित की गई है; और

(ख) यदि हां, तो कब और उसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

### Gau Sadan Khajian

***2213 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that whether it is a fact that it was announced in the budget of 2013-14 that the Gau Sadan in Khajian will be upgraded into a State Level Gau Sadan; if so, what steps have been taken for the same?

----

### उप-मण्डलाधिकारी कार्यालय की स्थापना

***2214 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के सराहां में S.D.M. कार्यालय की बहुत आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार सराहां में S.D.M. कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ग) विभाग के पास क्या सराहां में S.D.M. Office व Residence के लिए Building निर्मित है ?

----

### विशेषज्ञ चिकित्सक

***2215 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला अस्पताल हमीरपुर में जिस दिन विशेषज्ञ विभाग का operation day होता है उस दिन इन विभागों की ओ0पी0डी0 कार्य नहीं करती है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, जबकि प्रत्येक विभाग के वहां दो-दो विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात हैं ?

----

## पेयजल योजना बस्सी-झनियारा

***2216** **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की पेयजल योजना बस्सी-झनियारा पंचायत के संवर्द्धन की नवीनतम स्थिति क्या है; और

(ख) यह योजना कब तक पूर्ण हो जाएगी ?

----

## ई0एस0आई0 अस्पताल बद्दी

***2217** **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में बद्दी में चल रहे E.S.I. अस्पताल को आम जनता के लिए कब तक समर्पित कर दिया जायेगा ?

----

## आरोप पत्र पर कार्रवाई

***2218** **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 25 जून, 2015 को भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान प्रदेश सरकार के खिलाफ आरोप पत्र माननीय राज्यपाल को दिया था;

(ख) सरकार ने क्या आरोपों की छानबीन करवाई है; यदि हां, तो उसकी जांच रिपोर्ट सभा पटल पर रखें; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) आज तक जो आरोप प्रदेश सरकार के विभिन्न मन्त्रियों पर लगे हैं, सरकार क्या उनकी CBI जांच करवाने के आदेश देगी ?

----

## जांच समिति की रिपोर्ट

***2219** **श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 18 जून, 2015 को जिला मण्डी के अन्तर्गत आई0आई0टी0 कम्पलैक्स कमान्द में हुई गोलीबारी की घटना के लिये सरकार द्वारा कोई जांच बिठाई गई;

(ख) यदि हां, तो जांच कमेटी की टर्म्ज़ एवं रैफरैंस क्या थी; और

(ग) इस जांच समिति द्वारा क्या सरकार को रिपोर्ट दे दी है और इस रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गई; जांच रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## ट्रांसफार्मरों की स्थापना

***2220 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष में रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने Transformers लगाने का प्रस्ताव है; ब्यौरा दें;

(ख) जहां-जहां विभाग ने लोहे के खम्भे खड़े कर रखे हैं उन पर तारें बिछाने के कार्य में विलम्ब के क्या कारण हैं व कब तक तारें बिछा दी जाएंगी; और

(ग) Kansakoti 22-KV Control Point स्थापित करने की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Filling-up of Vacant Posts

***2221 Sh. Ishwar Dass Dhiman (Bhoranj):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Medical Officers/Specialists have been provided to civil hospitals & FRUs in the Pradesh after 31.12.2012 upto 31.7.2015; institution-wise detail be given;

(b) how many posts are still vacant, institution-wise detail be given; and

(c) what measures are being taken to fill-up these posts?

----

## भवन निर्माण

***2222 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है;

ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें ;

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय के भवन का कार्य कितने वर्षों से चल रहा है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; और

(ग) सरकार क्या तीसा महाविद्यालय में साईंस व कॉमर्स की कक्षाएं चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## माता त्रिलोकपुर मन्दिर

***2223 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत माता त्रिलोकपुर (माता बाला सुन्दरी) मंदिर से हुई आय एवं व्यय का विस्तृत ब्यौरा लाभार्थियों के नाम, पते तथा उन्हें पहुंचाए गए लाभ सहित दें;

(ख) वर्ष 2014-2015 में मंदिर विकास, परिसर विकास, ग्रामीण विकास हेतु कौन-कौन से कार्य किये गए; ब्यौरा दें; और

(ग) इस मंदिर की त्रिलोकपुर के अतिरिक्त भी कोई भूमि है; यदि हां, तो कहां-कहां; उस भूमि पर क्या विकास कार्य किए जा रहे हैं; कितना व्यय किया जा चुका है; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के अंतर्गत योजनाएं

***2224 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है; ब्यौरा योजनाओं का नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; विवरण दें?

----

## मल प्रवाह योजना

***2225 श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

वर्तमान में जिला ऊना में कौन-कौन सी सीवरेज योजनाएं चल रही हैं तथा उसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सड़क मरम्मत

***2226 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की स्थिति बहुत खराब है तथा इनकी मरम्मत कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा दें ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2227 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत शिक्षा विभाग में अध्यापकों के कितने पद SMC के द्वारा भरे गए हैं और कितने पद अभी भी रिक्त हैं तथा सरकार इन्हें कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा पाठशाला-वार, पदनाम सहित दें ?

----

## सड़क मरम्मत

***2228 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में कसौली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन-कौन सी सड़कें वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई हैं;

(ख) इन सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग ने क्या प्रयास किये हैं; और

(ग ) इनकी मरम्मत का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा ?

----

## गृह अनुदान योजना

***2229 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.8.2015 तक जिला चम्बा में गृह अनुदान योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई; और

(ख) चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत यह राशि किस-किस को आबंटित की गई तथा कितने आवेदन लम्बित हैं; ब्यौरा नाम सहित दें ?

----

## तहसील की स्थापना

*2230 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला कांगड़ा में डाडासीबा नाम से नई तहसील खोली गई है;

(ख) यदि हां, तो इस तहसील के अन्तर्गत कुल कितने कानूनगो वृत्त व कितने पटवार वृत्त शामिल किए गए हैं; ब्यौरा दें ;

(ग) तहसील देहरा के कितने पटवार वृत्तों को इस में शामिल किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(घ) इन पटवार वृत्तों को तहसील डाडासीबा में शामिल करने से पहले क्या पंचायतों व लोगों की सहमति ली गई या कोई जन सुनवाई करवाई गई; यदि हां, तो कब?

----

## राहत राशि

*2231 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में डॉक्टरों द्वारा घोषित पागल अथवा दिमागी संतुलन खो बैठा व्यक्ति किसी गरीब की हत्या कर दे तो राजस्व मैनुअल के अन्तर्गत अथवा सरकार द्वारा निर्धारित नियमों में कोई प्रावधान नहीं है कि वारिसों को एक्सग्रेशिया ग्रांट दी जा सके ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या ऐसे पीड़ितों को राहत राशि देने हेतु प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## कार्यों की निविदाएं

*2232 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि NH-72 B का 46 KM से 109 KM का कार्य जिस ठेकेदार के पास था, उससे वापिस ले लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार पुनः कब तक इस का टैंडर करने का विचार रखती है?

----

## अध्यापकों की नियुक्ति

***2233 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 16.02.2015 से 31.7.2015 तक सरकार ने कितने स्कूल अपग्रेड किये व कितने स्कूल नये खोले; ब्यौरा जिलाशः दें; और

(ख) इस अवधि में कितने अध्यापक सेवानिवृत्त हुये और कितने अध्यापक विभिन्न माध्यमों द्वारा नियुक्त किये गये; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## कृत्रिम झील

***2234 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला कुल्लू की सैन्ज घाटी में पिन पार्वती नदी के पास एक कृत्रिम झील बनी है; यदि हां, तो इसकी जानकारी सभा पटल पर रखें?

----

## Vacancy Position

***2235 Sh. Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Primary, Middle and Senior Secondary Schools are functioning in Nurpur Assembly Constituency; and

(b) what is the sanctioned and present strength of the teaching and non-teaching staff in these schools ?

----

## उद्यान फार्म

***2236 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि उद्यान विभाग के पास बागथन में बहुत बड़ा भू-भाग है;

(ख) यदि हां, तो कुल कितनी भूमि उद्यान विभाग के नाम है; इस भूमि में कौन-कौन सी प्रजाति के फलदार व अन्य पौधे/वृक्ष लगाए गए हैं;

(ग) इस उद्यान फार्म से कितनी आय प्रति वर्ष विभाग की हो रही है; ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार क्या इस फार्म को विकसित करने का विचार रखती है ?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***2237 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में स्कूलों को स्तरोन्नत करने के क्या नियम हैं; प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) दिनांक 1.1.2013 से दिनांक 31.7.2015 तक नादौन विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितने ऐसे स्कूल हैं जिन्हें नियमों में छूट देकर स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा स्कूलों के नाम सहित दें; और

(ग) सरकार क्या राजकीय उच्च विद्यालय पनसाई को भी स्तरोन्नत करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो कारण ?

----

## प्रभावितों को आर्थिक सहायता

***2238 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्ष 2014 में जिला हमीरपुर में बाढ़ से कितने लोग प्रभावित हुए;

(ख) उन सभी लोगों को क्या आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है; और

(ग) यदि हां, तो प्रभावितों के नाम व प्रति व्यक्ति कितनी आर्थिक सहायता दी गई; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रशः दें ?

----

## ट्रीटमैंट प्लांट

***2239 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में 'Baddi Infrasature' द्वारा बद्दी में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बनाए जा रहे गन्दे पानी को साफ करने वाले Water Treatment Plant में use की गई पाईप की क्या specifications हैं; और

(ख) वास्तव में ऐसे plant में किस specification की पाईप अनुमोदित हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***2240 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31-07-2015 तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुर्वैदिक औषधालयों के अपने भवन नहीं हैं और कितने भवन निर्माणाधीन हैं; और

(ख) उक्त अवधि तक रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में (including Dodra-Kawar) चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## Regularisation of Contract Employees

***2241 Sh. Ishwar Dass Dhiman (Bhoranj):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that to run SSA mission some staff (Technical/others) have been kept on secondment or contract basis; if yes, category-wise detail be given (including name & designation); and

(b) what is the policy for contract employees; a copy of the policy be laid on the Table of the House ?

----

## सड़क निर्माण

***2242 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कें ऐसी हैं जिनका Phase-II का कार्य चला हुआ है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

ख) इन सड़कों का कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें ?

----

## रास्ता बन्द करना

***2243 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वांई अटारियां औद्योगिक क्षेत्र के मध्य जो रास्ता है क्या वह कागजों (Revenue Record) में है या नहीं; और

(ख) यदि गैर-कानूनी ढंग से रास्ता निकाला गया है तो इसे कब तक बन्द करवा दिया जायेगा?

----

## वन विभाग द्वारा कार्य

***2244 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) इस वित्तीय वर्ष दिनांक 31.07.2015 तक चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग में कितने कार्य किए गए और कितने कार्य चल रहे हैं; ब्यौरा कार्य का, धनराशि व जगह के नाम सहित दें; और

(ख) वन विभाग में कितने पद रिक्त हैं; सरकार इन खाली पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## नगर परिषद चम्बा

***2245 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1-4-2015 से 31-7-2015 तक चम्बा नगर परिषद (MC Chamba) को कितनी-कितनी धनराशि कब-कब और किस-किस कार्य हेतु स्वीकृत की गई; और

(ख) इस अवधि में किए गए कार्य का ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें ?

----

**शिमला : 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

**दिनांक: 11 अगस्त , 2015.** **सचिव ।**